क्मों का मसौदा तैयार करने और पठन-सामग्री को चुनना भी शामिल है;

(घ) उपर्युक्त (ग) के अन्तर्गत गठित समिति द्वारा तैयार की गई योजनाओं पर वाद-विवाद करने, समीक्षा करने तथा सिफारिश करने के लिये प्रिंसिपलों और संकाय सदस्यों की बैठकें।

३. तीसरी पंचवर्षीय आयोजना के अन्त तक योजना किस सीमा तक कार्यान्वित की जा सकेगी, यह विश्वविद्यालयों के सहयोग पर निर्भर है।

Territorial Councils

2389. Shri Krishna Deo Tripathi: Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) the numbr of votes polled in the Third General Elections for the Territorial Councils in various Union Territories and also the number of votes declared invalid;

(b) the number of votes polled by candidates of recognised and unrecognised national and regional political parties and also the independent candidates in various Territorial Councils separately in the recent general elections;

(c) the number of independent candidates together with the number of those who won and the number of those who forfeited their security deposit; and

(d) number of candidates set up by various recognised and unrecognised political parties to the Territorial Councils and the number of those who won and who lost their security?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Datar): (a) to (d). Information is being collected and will be laid on the Table of the House.

शारीरिक शिक्षा

२३९०. श्री कृष्ण देव त्रिपाठी : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश के किन विश्वविद्यालयों में तथा विश्वविद्यालयों से सम्बंद्ध किन कालेजों में शारीरिक शिक्षण की व्यवस्था है;

(ख) क्या इस दिशा में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने कोई योजना तैयार की है ; और

(ग) यदि हां, तो वह किस सीमा तक लागू हुई है तथा तीसरी पंचवर्षीय योजना समाप्त होने तक कितनी प्रगति इस दिशा में हो सकेगी ?

शिक्षा मन्त्री (डा० का० ला० श्रीमाली): (क) अधिकतर विश्वविद्यालयों और कालेजों में किसी न किसी रूप में शारीरिक शिक्षा की सुविधाएं उपलब्ध हैं। मालूम हुआ है कि निम्नांकित विश्वविद्यालय और उनसे सम्बद्ध कालेज शारीरिक शिक्षा में डिप्लोमा या डिग्री के लिये प्रशिक्षण सुविधायें उपलब्ध करते हैं :—

१. मद्रास विश्वविद्यालय :

(i) शारीरिक शिक्षा का वाई० एम० सी० ए० कालेज, मद्रास।

(ii) शारीरिक शिक्षा का अलागप्पा कालेज, कारई कुडी।

२. लखनऊ विश्वविद्यालय :

(i) लखनऊ क्रिश्चियन कालेज, लखनऊ।

३. उस्मानिया विश्वविद्यालय :

(i) शारीरिक शिक्षा का राजकीय कालेज, हैदराबाद।

४. पंजाबी विश्वविद्यालय :

(i) शारीरिक शिक्षा का राजकीय कालेज, पटियाला।